नगर निगम द्वारा संचालित

# अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज

(सुरेन्द्र नगर, इस्माइलगंज, लखनऊ 226028)

(सहयुक्त – लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ)

वेबसाइटः–www.nagarnigamdegreecollege.in, ई–मेलः– nndc2003@gmail.com, फोन–0522–2702858

कुल सचिव का कार्यालय
प्राप्ति
संख्या 1786
दिनांक 30/08/25
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ–226007

पत्रांकः 2173/ABVNNDC                                        दिनांकः 28/08/2025

सेवा में

कुलसचिव,

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007

**विषयः चयन समिति गठित करने हेतु विषय विशेषज्ञ नामित करने के लिये विज्ञापन की छाया प्रति वेबसाइड पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया सूच्य है कि आपके कार्यालय के संदर्भ संख्या R/492/सम्ब.अनु./2025 दिनांक 10.05.2025 के द्वारा महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में 03 अतिरिक्त विषय मानवशास्त्र, गृहविज्ञान एवं समाजकार्य में अस्थायी सहयुक्तता प्रदान की गयी है।

उक्त के क्रम में अतिथि प्रवक्ता चयन के लिये **चयन समिति गठित करने हेतु विषय विशेषज्ञ नामित** करने के लिये लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ कुलसचिव कार्यालय के सन्दर्भ संख्या R/3350-3460/सम्बद्धता/2010 दिनांक 7.5.2011 के द्वारा निर्धारित **शुल्क रू0 20000.00+जी0एस0टी0** के अनुसार उपरोक्त तीन विषयों हेतु **रू0 60,000.00 + जी0एस0टी0 रू0 10800.00= रू0 70800.00/– (रू0 सत्तर हजार आठ सौ मात्र)** चालान संख्या CGP000000000002473 का भुगतान NEFT के माध्यम से दिनांक 23.08.2025 को कर दिया गया है, एवं शिक्षकों के चयन हेतु तीन दिवस (दिनांक 26.08.2025 से 28.08.2025) दो दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति कर छाया प्रति विश्वविद्यालय की वेबसाईड पर अपलोड करने हेतु आपकी सेवा में प्रेषित हैं।

Inc. Website
~~O.S. CAU Updates~~

OM
Pooj
30/8/25

[signature] 28/8/25

डॉ० सुभाष चन्द्र पाण्डेय
प्राचार्य
अटल बिहारी बाजपेयी
नगर निगम डिग्री कॉलेज
सुरेन्द्र नगर, इस्माइलगंज, लखनऊ

नगर निगम द्वारा संचालित

नगर निगम द्वारा संचालित

# अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज

(सुरेन्द्र नगर, इस्माइलगंज, लखनऊ - 226028)

(सम्बद्ध - लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)

पत्रांक : 1230/ABVNNDC | दिनांक : 25.08.2025

## सार्वजनिक विज्ञप्ति

नगर निगम, लखनऊ द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी, नगर निगम डिग्री कॉलेज, इस्माइलगंज (सुरेन्द्र नगर), लखनऊ में स्ववित्त पोषित योजनातंगत अतिथि प्रवक्ता मानवशास्त्र-01, गृहविज्ञान-01 एवं समाजकार्य-01 के पद हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर आमंत्रित किये जाते हैं। पदों की शैक्षिक अर्हता लखनऊ विश्वविद्यालय के संशोधित परिनियमावली तथा उच्च शिक्षा अनुभाग-1 द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार होगी। अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रारूप नगर निगम, लखनऊ की वेबसाइट www.lmc.up.nic.in से डाउनलोड अथवा नगर निगम, लखनऊ त्रिलोकनाथ मार्ग, फार्म विभाग से रू. 500.00 नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। डाउनलोड आवेदन पत्र के साथ रू. 500.00 का रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक) नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ के नाम संलग्न किया जायेगा। वेतन यू.जी.सी. रेग्यूलेशन्स एवं नगर निगम के नियमों के अन्तर्गत (Salary as per UGC Regulations and Nagar Nigam Rules) दिया जाएगा।

आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से दिनांक 01.09.2025 को सांय 05.00 बजे तक प्रभारी अधिकारी (शिक्षा) नगर निगम, लखनऊ त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ के कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। निर्धारित अवधि के उपरान्त पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिसके लिए उन्हें अलग से सूचित किया जाएगा।

**नगर आयुक्त**